हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 नवंबर 2025

13 एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक और व्याख्यान से दिया ...



14 रानीतराई स्कूल में संविधान दिवस मनाया ...







# विकास से कोसों दूर खुर्सीपार गांव: करोड़ों की पानी टंकी बना शो पीस, खारा पानी पीने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

जिले के आखरी ग्राम व विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत गोडेल्ला के आश्रित ग्राम अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे है, इस गांव में अधिकारियों के कदम भी नहीं पड़ते है, पूर्व वर्ष में खराब पेयजल व डायरिया से मौत होने के बाद भी आज तक जिम्मेदार अधिकारियों की नींद नहीं खुली। पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार एक तरफ सुशासन राज का ढोल पीट रही है, लेकिन यहां के ग्रामीण आज पर्यन्त शिकायत कर कर के विधवा विलाप कर के थक गए, लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ ठेंगा मिला है, गलियों में गंदा पानी बहकर निस्तारी तालाब में व स्कूल पास बने गड्ढे में घुस जाता है, नल जल में पाइप कनेक्शन हुआ, लेकिन 700 आबादी वाले इस ग्राम में करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकी सिर्फ शो पीस बनी है, आए दिन मोटर खराब हो जाता है, ग्रामीण मजबूरी में खारा पानी पीते है, खुर्सीपार से निकुम सड़क मार्ग जर्जर हो गया है, वही खुर्सीपार से गोड़ेला एक किलो मीटर सड़क आज तक कच्ची है, राशन दुकान भी जर्जर है, कई बार समस्याओं से अवगत करा चुके है, लेकिन विकास से कोसो दूर है। जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने कहा कि पानी की समस्या खुर्सीपार में गंभीर है, खारा पानी को ग्रामीण मजबूरी में पी रहे है, नल कनेक्शन जोड़ने जिला पंचायत बैठक में प्रस्ताव व मांग कर चुका हुं।

**खास बातें**

- पानी, सड़क और सफाई की बदहाल व्यवस्था- शिकायतों के बाद भी प्रशासन बेपरवाह
- खुर्सीपार गांव में डायरिया से मौत के बावजूद नहीं जागे अधिकारी



**मांग करने पर भी नहीं हो रहा समस्याओं का समाधान**

सरपंच ने कहा कि समस्या बहुत है, अधिकारियों को कई बार मांग कर चुका हुं, लेकिन समस्या बनी हुई है

- वागीश बंजारे सरपंच

## खबर संक्षेप

### छात्र पर तीन युवकों का हमला, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** दोपहर को टायपिंग क्लास करके छात्रवास जा रहे युवक को तीन लोगो ने रोककर गाली गलौज व मारपीट कर दिया। जिसके बाद युवक के पिता ने अज्ञात तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम रेवती नवागांव निवासी घनाजी राम ने पुलिस को बताया कि मेरा पुत्र तुषार नागवंशी जो कि प्री. मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रवास बालोद में निवासरत एवं स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में कक्षा 9 वी में अध्ययनरत है, तुषार नागवंशी टाइपिंग क्लास बालोद में टाइपिंग सीखने जाता है, 24 नवंबर दोपहर 01 बजे टाइपिंग क्लास गया था टाइपिंग क्लास से आते समय लगभग 02 के बीच कुछ अज्ञात 3 व्यक्तियो के द्वारा जिनकी उम्र लगभग 18-19 वर्ष ने पुराना जिला अस्पताल के सामने गांव का नाम पूछने के पश्चात मारपीट किया। तीनो व्यक्तियो ने मुंह पर स्कार्फ गमछा बांध रखा था एवं गुलाबी रंग, काला रंग तथा सफेद रंग के कपडे पहने लडके ने टाई भी लगा रखा था घटना के पश्चात तुषार नागवंशी ने छात्रवास अधीक्षक एवं घर वालो को जानकारी दी।

### ट्रैक्टर से उछलकर गिरे व्यक्ति पर चढ़ा पहिया, मौके पर मौत

**बालोद।** ट्रैक्टर से उछलकर नीचे गिरे व्यक्ति के ऊपर ट्रैक्टर के पहिया आ जाने से उसकी मौत हो गई। जिसके बाद गांव के ही एक व्यक्ति ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 106(1), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जेवरतला थाना देवरी निवासी दुर्गा प्रसाद चुरेन्द्र ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर को गांव के महेश दास हिरवानी के ट्रेक्टर सीजी 24 एस 8390 में थ्रेसर मशीन लगाकर चालक डोमन लाल रावटे व झम्मन लाल साहू बैठकर रमेश ठाकुर के खेत में धान फसल मिंजाई के लिये ट्रेक्टर के साथ थ्रेसर मशीन को ले जा रहे थे मैं भी ट्रेक्टर के ▶▶| शेष पेज 12 पर

## अपराध

**सर्प, मटका और तंत्र-मंत्र का नाटक कर फसाया जाल में, पीड़ित ने कराई रिपोर्ट दर्ज**

# मंत्र-तंत्र कर गड़ा धन दिलाने का झांसा देकर युवक से 7 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/लाटाबोड़

तंत्र-मंत्र इंद्रजाल के नाम से डरा कर गड़ा धन का झांसा दिखाकर 7 लाख का ठगी करने वाले के खिलाफ पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पुलिस ने धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम जगन्नाथपुर थाना बालोद निवासी दिलीप पटवा ने पुलिस को बताया कि हाल ही में अखबारों में तंत्र-मंत्र के जरिए पैसा 10 गुना करने संबंधित समाचार देखा।

समाचार को पढ़ने के बाद मैं साहस करके यह बताने का प्रयास किया हूं कि मेरे साथ भी 2022 -2023 के बीच में इस तरह की धोखाधड़ी हो चुकी है। गड़ा धन दिलाने के नाम पर इलाहाबाद के घुरपुर के रहने वाले वसीम खान हाल निवास भिलाई मरार पारा बालोद के द्वारा मुझे और मेरे साथी राजेश डोंगरे पिता यशवंत डोंगरे के साथ लगभग 7 लाख की धोखाधडी की गई है। जिसमें जगन्नाथपुर के रहने वाले अकबर खान के यहा उक्त वसीम खान 50 वर्ष का रिश्तेदार बनकर आया हुआ था। अकबर ने बताया कि वह उसका जीजा है। उनका मकान छोटा है तो वसीम खान अपनी पत्नी के साथ मेरे मित्र राजेश डोंगरे के एक खाली मकान में सोने के लिए जगह मांगा था। वहा एक-दो दिन सोए भी। इस बीच वसीम खान ने मेरे मित्र राजेश डोगरे को झांसा दिया के इस घर में गड़ा धन छिपा हुआ है। उसे विशेष पूजा पाठ तंत्र-मंत्र के जरिए बाहर निकालना पड़ेगा, तुम करोड़पति बन सकते हो। इसके लिए पूजा पाठ करने के लिए ▶▶| शेष पेज 12 पर





### 12 लाख खर्च आएगा

जिसमें करीब 12 लाख का खर्चा आएगा और यह इलाहाबाद से 80 किलोमीटर दूर एक घने जंगल के गाव में मिलता है मुझे वहां जाना पड़ेगा। हम दोनों चूंकि मौके पर मटके में सोने के सिक्के देख चुके थे। इसलिए उसकी बातों पर भरोसा हो चुका था कि वाकई यह खजाना दबा हुआ है और हम उसे पाकर करोड़पति बन सकते हैं। उनकी बातों पर भरोसा करते हुए वसीम खान के साथ ही में और मेरा मित्र राजेश डोंगरे तीनों बस से इलाहाबाद गए। जहा हमें धूरपुर में अपने निवास स्थान में रखा और स्वयं कहीं से शक्तिपुंज लाया और कहा कि इसमें सोने का गुरादा और हीरे का पानी रहता है। इसलिए मंहगा मिलता है। शक्तिपुंज जो की एक तरल पदार्थ जैसा था। जिसमें सोने की तरह चमक और अभ्रक जैसा मिला हुआ दिखाई दे रहा था। शक्तिपुंज को राजेश को दिया गया था जो पतले कांच के एक लंबी बोतल में भर कर दिया ▶▶| शेष पेज 12 पर

# प्रशासनिक सख्ती पर फुटकर थोक व्यापारियों का फूटा गुस्सा

**अनिश्चितकालीन धान खरीदी बंद करने का ऐलान**



**दल्लीराजहरा/डौंडीलोहारा।** जिले के फुटकर एवं थोक व्यापारियों में प्रशासनिक रवैये को लेकर भारी असंतोष फूट पड़ा है।

बुधवार को साईं मंदिर प्रांगण में हुई बड़ी बैठक में लोहारा विधानसभा के 250 से अधिक व्यापारी जुटे, जहां माहौल गुस्से और नाराजगी से भरा रहा। बैठक में व्यापारियों ने सामूहिक रूप से ऐलान किया कि—अब अनिश्चितकालीन धान खरीदी बंद किसान यदि एक-दो कट्टा धान भी लेकर आएगा, तो फुटकर व्यापारी उसे नहीं खरीदेंगे। व्यापारियों का कहना है कि फूड एवं मंडी विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें तस्कर, अवैध कारोबारी और चोर जैसी भाषा में संबोधित किया जा रहा है, बिना वजह अत्यधिक सख्ती और दबाव बनाकर रोजमर्रा की आजीविका पर चोट पहुंचाई जा रही है, तीन ▶▶| शेष पेज 12 पर

- किसानों से धान नहीं खरीदने का लिया गया निर्णय

# मोखा बस स्टैंड में दो भारी वाहनों की भीषण टक्कर, एक चालक की मौत





हरिभूमि न्यूज. गुण्डरदेही/कलंगपुर

गुरुवार की रात लगभग ढ़ाई बजे मोखा बस स्टैंड मे हाईवा व माइंस गाड़ी आपस में टकराकर सड़क किनारे लगे वेल्डिंग दुकान, पान सेंटर व टेंट हाउस दुकान में जा घुसा। टक्कर इतनी भयंकर थी की दोनों गाड़ी के सामने परचखखे उड़ गए। इस घटना में मांइस वाहन सीजी 19 बीक्यु 3449 के चालक भरएॅटोला थाना डौंडी निवासी चन्द्रभान चिंडा 21 वर्ष का घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही हाईवा सीजी 08 एएच 5313 के चालक को रनचिरई पुलिस पकड़कर थाने में रखा गया है।

बतादे कि रेत से भरी हाइवा वाहन धमतरी से गुण्डरदेही की ओर जा रहा था। वही मांइस गाड़ी कच्चा माल लेकर दल्ली से भिलाई जा रहा था, इस बीच ढ़ाई बजे रात मोखा बस स्टैंड के पास तेज गति से दोनों वाहन आपस में टकरा गया इधर घटना से उत्तेजित मोखा के ग्रामीणों ने सुबह 10 बजे से मेन रोड मे तत्काल ब्रेकर व चौक में चबूतरा निर्माण को लेकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणो का कहना है कि यह मार्ग मे भारी वाहनो का दबाव रहता है, चौक होने के कारण आए दिन घटना दुर्घटना होती रहती है, विगत साल से इस चौक मे चारो ओर ब्रेकर व चौक मे चबुतरा निर्माण की मांग कर चुके है मगर किसी जनप्रतिनिधि व अधिकारियो ने ध्यान नही दिया। ग्राम मोखा के इस चौराहे पर आये दिन घटनायें घटित होती रहती है क्योकि चौराहें पर किसी प्रकार से सांकेतिक ▶▶| शेष पेज 12 पर

- दुर्घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, तहसीलदार ने तत्काल बनवाया ब्रेकर, चबूतरा निर्माण के लिए मांगा प्रस्ताव

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व सम्मान समारोह होगा**

# बंशीलाल गौरव तिहार व वार्षिकोत्सव कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल अमलीडीह विकास खंड बालोद जिला बालोद के प्रांगण में बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय का वार्षिकोत्सव क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा व पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा के मुख्य आतिथ्य में गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर की उपस्थिति में बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल के छात्र-छात्रओं की सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 29 नवंबर को मनाया जायेगा।

इस अवसर पर गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर के पिता संचालक, छ.ग. लोककला मंच अंजोर संतोष दिवाकर विशेष रूप से आमंत्रित रहेंगे व छ.ग. नाई विकास संस्था (रजि.) के प्रांताध्यक्ष, युवा समाजसेवी विजय कुमार सेन भनपुरी रायपुर समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन में जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी व विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव एवं कशीमुद्दीन कुरेशी नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका बालोद विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में मंच पर विराजमान रहेंगे।

प्रदेश के वरिष्ठ साहित्यकार तुलसी मानस प्रतिष्ठान छ.ग. के प्रांताध्यक्ष, जगदीश देशमुख, बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार एवं विद्यालय के वार्षिकोत्सव आयोजन का गरिमामयी शुभारंभ करेंगे। गौरव तिहार के 13 साल बेमिसाल बंशीलाल भारद्वाज नामकरण एवं मूर्ति स्थापना समिति व वंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. साघुराम भारद्वाज ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया है कि प्रेगलता जगदीश भारद्वाज फाउंडेशन ग्राम अर्जुनी व सुमित्रदेवी चौहान फाउंडेशन रामनगर मिलाई के अपूर्व सहयोग से मनाये जाने वाले जिले के इस प्रतिष्ठापूर्ण आयोजन का यह शानदार 13वाँ वर्ष है।

13वें वर्ष के आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश संयोजक डॉ. साधुराम भारद्वाज ने गौरव गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर को उनके निवास में भेंट कर नेवता दिया है। इसी प्रकार गौरव तिहार के अध्यक्ष ईश्वरलाल साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत खेरवाडीह के नेतृत्व में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों व गौरव तिहार के प्रमुख पदाधिकारियों ने क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा, पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, चंदेश हिरवानी, अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमीटी बालोद व विधायक प्रतिनिधि कमलेश श्रीवास्तव को गौरव तिहार सम्मान समारोह में पधारने के लिए आमंत्रित किया है। आमंत्रित करने वालो में प्रमुख रूप से डॉ. साधुराम ▶▶| शेष पेज 12 पर



- क्षेत्र के विधायक संगीता सिन्हा और पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा सहित कई विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में होगा भव्य आयोजन

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुदियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी. ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर, 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वाशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देवांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देवांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर, 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण -** 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण -** 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी वार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### बीएलओ को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं जिला निवार्चन अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा ने आज गुण्डरदेही विकाखण्ड में निरीक्षण के दौरान ग्राम कांदुल में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत मतदाताओं को गणना पत्र प्रदान करने एवं गणना प्रपत्रें को डिजिटाईज करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के 02 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि जिले के संजारी बालोद, गुण्डरदेही एवं डौण्डीलोहारा विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। जिसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा गणना पत्रक वितरण कर घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना पत्रक भरवाकर बीएलओ एप में ऑनलाइन किया जा रहा है।

### तीन शिक्षकों का कटा एक दिन का वेतन काटा गया

**कुसुमकसा।** आदिवासी विकासखंड डोंडी के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पंडेल के प्रधानपाठक सहित तीन शिक्षको शाला में समय पर उपस्थित ना होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी ने एक दिन का वेतन अवरूद्ध किए जाने का आदेश को जारी किया है। गौरतलब है की नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य व सदस्य शिक्षा समिति जिला पंचायत बालोद के द्वारा 7-11-2025 दिन शुक्रवार को सुबह लगभग 9.45 बजे अपने निर्वाचन क्षेत्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पण्डेल में शाला खुलने के पूर्व पहुंची और लगभग 2घंटे शाला में रही ,उक्त अवधि में शाला में पदस्थ एक भी शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं हुए सभी शिक्षक एक -एक कर 10.30 बजे के पश्चात शाला में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंडी द्वारा जारी कर नोटिस क्रमांक 1925 में संदर्भित समाचार पत्र हरिभूमि में प्रकाशित समाचार के आधार पर बृजेश देवांगन( प्रधानपाठक) व तीन शिक्षको युवराज सेवता, अघन ठाकुर, पार्वती साहू को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था, शिक्षको द्वारा दिए गए जवाब में शाला समय में अनुपस्थित की बात स्वीकार किया गया है, अतः अनुपस्थिति के नियमानुसार समाधान होने तक प्रधानपाठक सहित तीनो शिक्षको का (एक दिन)का वेतन अवरूद्ध किए जाने का विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया।
नीलिमा श्याम जिला पंचायत सदस्य ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किए गए शाला निरीक्षण का प्रकाशित समाचार पर संज्ञान लेकर शाला समय से विलंब से आने वाले शिक्षको का एक दिन का वेतन अवरूद्ध करने के आदेश को उपयुक्त बताया, साथ ही कहा की बच्चों के शिक्षा में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त ना करने की बात कहते हुए अंचल के स्कूलों का निरीक्षण समय समय पर करने की बात कहीं।

### कलेक्टर ने कुरदी, परसतराई, अर्जुंदा सहित कई केन्द्रों का निरीक्षण किया

# कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र कुरदी, परसतराई, अर्जुंदा, ओड़ारसकरी एवं गब्दी में पहुंचकर वहाँ चल रहे धान खरीदी के कार्य सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

- धान खरीदी केन्द्रों में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र में धान बिक्री हेतु पहुंचे किसानों से धान खरीदी केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों, समिति प्रबंधकों तथा निगरानी दल में शामिल सभी अधिकारी–कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में केवल साफ–सुथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों, निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे धान खरीदी केन्द्र में अनिवार्य रूप से संपूर्ण व्यवस्था की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर मिश्रा ने अधिकारियों के साथ धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। इस मौके पर अधिकारियों द्वारा किसानों द्वारा लाए गए धान का तौलाई के उपरांत नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान का आर्द्रता परीक्षण भी किया गया। कलेक्टर ने किसानों को केवल साफ–सुथरा एवं गुणवत्तायुक्त धान को ही बिक्री हेतु खरीदी केन्द्रों में लाने की समझाईश दी। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में अब तक जारी किए गए टोकन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने समिति प्रबंधक एवं कर्मचारियों को केवल ऑनलाईन टोकन ही जारी करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल विशेष परिस्थिति में अति वृद्ध, निरक्षर एवं किसानों के पास स्मार्ट फोन उपलब्ध नही होने पर ही आवश्यकता अनुसार उनका ऑफलाईन टोकन जारी किया जाए। कलेक्टर ने धान की गुणवत्ता बनाए रखने उसकी साफ सफाई कराने तथा गेट पर ही धान की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र कुरदी में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान बारदानों में स्टेनशील नही लगाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा दो दिवस के भीतर धान खरीदी केन्द्र में सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश समिति प्रबंधक को दिए। उन्होंने कहा कि अव्यवस्था पाए जाने पर समिति प्रबंधक के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र परसतराई में व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों की संख्या, रकबा की जानकारी सहित एग्रीस्टेक पंजीयन आदि की जानकारी ली। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं एवं निगरानी समिति के सदस्यों के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने वहां किसानों से चर्चा कर केन्द्र में मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र अर्जुंदा में किसानों से चर्चा कर धान खरीदी हेतु टोकन के संबंध में जानकारी ली। किसानों ने बताया कि उन्होंने मोबाईल एप्प 'तुंहर टोकन' एप्प के माध्यम से धान विक्रय हेतु टोकन लिया है जो कि उन्हें आसानी से प्राप्त हो गया और अब वे धान विक्रय हेतु केन्द्र आए हैं। कलेक्टर ने समिति प्रबंधक से कहा कि धान विक्रय कर चुके किसानों का रकबा समर्पण भी कराएं। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र ओड़ारसकरी में पहुंचते ही तौले गए धान का पुनः तौल कराया तथा तौलकों से कहा कि वे निर्धारित मात्र में ही धान तौले। उन्होंने वहाँ एग्रीस्टेक में किसान पंजीयन स्थिति की जानकारी ली तथा 30 नवंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने वहां समिति प्रबंधक और ऑपरेटर से कहा कि धान विक्रय हेतु आने वाले शत प्रतिशत किसानों का गेट पास जारी करें। कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र गब्दी में निरीक्षण के दौरान स्टेक में रखे धान की बोरी को पुनः अपने समक्ष तौलाया तथा निर्धारित तौल पर संतुष्टि जाहिर की। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा लाए गए धान का निर्धारित मात्र में तौल सुनिश्चित करें। उन्होंने वहाँ टोकन, गेट पास, एग्रीस्टेक पंजीयन आदि के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली तथा सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# रावघाट-भिलाई परियोजना की नाप-जोख से शहर में उथल-पुथल, जनता में बढ़ी चिंता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

रावघाट से भिलाई स्टील प्लांट तक पाइप लाइन व चौड़ी सड़क परियोजना के नाम पर दल्ली राजहरा में जिस तेजी से फोरलेन निर्माण की कार्रवाई शुरू की गई है, उसने पूरे शहर में उथल–पुथल मचा दी है। चिखलाकसा चौक, फौवारा चौक ,वीर नारायण सिंह चौक से लेकर पुराना बाजार और डेमसाइड—मां झरन मंदिर क्षेत्र तक विभाग की नाप–जोख ने लोगों को भय और अनिश्चितता की गर्त में धकेल दिया है।

**युद्धस्तर पर नाप–जोख, लेकिन जनता की चिंता पर मौन प्रशासनः** दल्ली राजहरा स्थानीय लोगों का कहना है कि विभाग ने बिना किसी ठोस जन–सहमति और घर–दुकान बचाने का विकल्प दिए बिना अचानक क्षेत्र में नपाई शुरू कर दी। सैकड़ों घर जोखिम में कई वर्षों से बसे परिवार उजड़ने की कगार पर,व्यापारिक प्रतिष्ठान, छोटे दुकानदारों पर सबसे बड़ा खतरा फोरलेन निर्माण की वजह से सैकड़ों परिवार बेघर हो सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन गहरी चुप्पी साधे बैठा है।

### बस्ती का भविष्य अंधकार में! सड़क 25 फीट ऊपर - लोग 25 फीट नीचे

नक्शे के अनुसार,मुख्य नाला पर पुराना पुल कम से कम 7 मीटर ऊपर उठेगा,इससे पूरा बस्ती क्षेत्र सड़क से लगभग 25 फीट नीचे चला जाएगा ,झरन मंदिर के सामने का अंधा मोड़ खत्म करने के नाम पर अनेक घर तोड़े जाने की तैयारी,वीर नारायण सिंह चौक से लेकर डेमसाइड तक पूरा इलाका 'डेंजर ज़ोन' घोषित होने की आशंका लोगों ने आरोप लगाया है कि प्रशासन विकास के नाम पर शहर की बसाहट को अंधेरे में धकेलने की योजना बना रहा है। नपाई होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचते रहे और विरोध का माहौल बनता गया। अधिकांश नागरिकों का कहना है-हमें विकास चाहिए, लेकिन हमारी बस्ती उजाड़कर नहीं।

# केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का उपाध्यक्ष यज्ञदत्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जामगांव (एम) में केन्द्रीय प्रसंस्करण इकाई का निरीक्षण कर अद्यतन कार्यों का जायजा लिया।

**110 एकड़ क्षेत्र में फैला है प्रसंस्करण इकाईः** वनमण्डलाधिकारी दुर्ग, आईएफएस, दुर्ग वृत डिप्टी एमडी दीपेश कपिल, बालोद जिले के डिप्टी एमडी, दुर्ग रेंजर भी साथ मौजूद थे। लघु वनोपजों के प्रसंस्करण हेतु लगभग 23 करोड़ की लागत से 110 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रसंस्करण इकाई स्थापित किया गया है।

**प्रसंस्करण पश्चात वितरण आदि की ली जानकारीः** उपाध्यक्ष शर्मा ने इन इकाई में प्रसंस्करण होने वाले उत्पाद की जानकारी ली। यहां आंवला, बेल और जामुन से विभिन्न उत्पाद पूरी शुद्धता के साथ तैयार किए जा रहे हैं। गोदामों में भंडारित वनोपज, मिलेट्स फसल, प्रसंस्करण पश्चात वितरण आदि की भी जानकारी ली।

### तैयार हर्बल उत्पाद का किया अवलोकन



उन्होंने प्रसंस्करण संयंत्र एवं आंवला, बेल और जामुन जैसे वनोपज से जूस, कैंडी, लच्छा, मुरब्बा सहित अन्य तैयार हर्बल उत्पाद का अवलोकन भी किया।

**छत्तीसगढ़ का वनोपज पूरी दुनिया तक पहुंचे इसलिए इकाई की स्थापनाः** शर्मा ने बताया छत्तीसगढ़ का वनोपज पूरी दुनिया तक पहुंचे इस उद्देश्य से इस इकाई की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 75 प्रकार के वनोपज का संग्रहण किया जाता है और वनोपज संग्रहण से जुड़े 13 लाख 40 हजार वनवासियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

**वनोपज विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकताः** उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि ग्रामीण संग्राहकों को वनोपज का उचित मूल्य सुनिश्चित हो और नियमित आय के नए स्त्रोत बने ये विष्णुदेव साय सरकार की प्राथमिकता है। यह संपूर्ण व्यवस्था न केवल वनोपज की मूल्यवृद्धि को बढ़ा रही है, बल्कि महिलाओं, संग्राहकों और ग्रामीण परिवारों के लिए स्थायी रोजगार और आर्थिक मजबूती का माध्यम बन रही है।

# संविधान दिवस पर जिला पंचायत में प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




जिला पंचायत सभागार बालोद में संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम मेंजिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, जिला पंचायत सदस्यगण तथा ज़िला पंचायत के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने संविधान निर्माण की ऐतिहासिक यात्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के उन चार स्तंभों का प्रतीक है जिन पर एक आधुनिक और समावेशी भारत खड़ा है। जिला पंचायत के उपसंचालक काव्या जैन ने कहा संविधान दिवस हमें संविधान निर्माताओं के अतुलनीय योगदान को याद करने का अवसर देता है। हमें अपने मौलिक कर्तव्यों के प्रति सचेत रहते हुए संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में उतारना होगा। कार्यक्रम का समापन शांति और सद्भाव की प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसमें सभी ने संविधान की भावना को अक्षुण्ण बनाए रखने और देश की एकता व अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कांति सोनेश्वरी, चंद्रिका साहू, प्रभा नायक, चुन्नी मानकर, लक्ष्मी साहू उपस्थित थे।

- संविधान मूल्यों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया

# समाज में एकता और संगठन की मिसाल ढालसिंह दिल्लीवार जयंती समारोह में जुटे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



गुण्डरदेही नगर में छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज द्वारा दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार की जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विश्राम गृह के सामने स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कुर्मी समाज के लोगों ने दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

- सांसद विजय बघेल और प्रदेश अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में समाजजन हुए उपस्थित

**कलश यात्र से हुआ कार्यक्रमः** जयंती समारोह का शुभारंभ सुबह महिलाओं द्वारा निकाली गई। भव्य कलश यात्र से हुआ। महिलाओं ने पूरे नगर में भ्रमण कर धार्मिक उत्साह का माहौल बनाया। इसके बाद मंच पर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मंच का संचालन कोमल देशमुख, दिलीप देशमुख और कुलेश्वर देशमुख ने किया।

अतिथियों ने दी प्रेरणा और दाऊ ढालसिंह जी के योगदान को किया यादः कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुमऍं क्षत्रिय समाज एवं सांसद दुर्ग विजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार जी के बहुमूल्य योगदान को याद किया और समाज को उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुमऍं क्षत्रिय समाजयोगेश्वर कुमार देशमुख ने की। विशिष्ट अतिथि में विधायक दुर्ग ग्रामीण व उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र प्राधिकरण ललित चंद्राकर, अध्यक्ष केंद्रीय कुर्मी समाज योगेंद्र बेलचंदन, महामंत्री मोरध्वज चंद्राकर, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष जिला भाजपा चेमन देशमुख, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग प्रीतपाल बेलचंदन, महिला अध्यक्ष केंद्रीय कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रीती देशमुख, गुरुदेव नाड़ी वैद्य बीरेंद्र देशमुख, अध्यक्ष नगर पंचायत गुण्डरदेही प्रमोद जैन, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरुषोत्तम चंद्राकर व दिल्लीवार समाज के अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

इनके अतिरिक्त दिनेश चंद्राकर, यशवंत दिल्लीवार, केशव बंटी हरमुख, दिलीप देशमुख, हेमंत देशमुख, कुबेर देशमुख, डॉ. राजेंद्र हरमुख, सुरेंद्र देशमुख, प्रेमलाल पिपरिया, जगदीश देशमुख, भूपेंद्र दिल्लीवार, तेजराम देशमुख, विमल गौतम, डॉ. पुखराज बेलचंदन छत्तीसगढ़ प्रदेश कुमऍं क्षत्रिय समाज के पदाधिकारी गण सहित बड़ी संख्या में कुमऍं समाज के लोग उपस्थित रहे।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार जी को नमन करते हुए कहा कि वह छत्तीसगढ़ के सामाजिक और राजनीतिक परि–श्य के एक महान व्यक्तित्व थे। अतिथियों ने दाऊ साहब के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों को विशेष रूप से रेखांकित किया, जिसके तहत उन्होंने समाज के बच्चों को शिक्षित करने के लिए अथक प्रयास किए। वक्ताओं ने उनके द्वारा समाज में संगठन और एकता स्थापित करने के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। उनका जीवन सादगी, समर्पण और परोपकार का प्रतीक रहा है, जिसने न केवल कुमऍं समाज को बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ को नई दिशा दी। अतिथियों ने ज़ोर देकर कहा कि उनका जीवन समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत है और हमें उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज और राष्ट्र के विकास में सहयोग करना चाहिए। इसके साथ ही जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने दाऊ ढालसिंह दिल्लीवार जी की प्रतिमा के पास सौंदयऍंकरण की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने वहां पर 7 लाख के टीन शेड निर्माण एवं सौंदयऍंकरण की घोषणा की। इस भव्य कार्यक्रम के संयोजक अध्यक्ष योगेश्वर कुमार देशमुख और युवा महासचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज कमलेश देशमुख रहे।

## पेज 9 के शेष

### मंत्र-तंत्र कर गड़ा धन दिलाने ...

लगभग 22 हजार का सामान की जरूरत पड़ना बताया और कहा कि बालोद में सामान मिल जाएगा तो देख लो वरना में अपने चेला के जरिए मंगा लूंगा। तत्काल में मेरे मित्र के पास 22 हजार नहीं थे तो उन्होंने मुझसे सपर्क किया और इस तरह गड़ा धन छिपे होने की जानकारी मुझे भी दी। मैं भी उनकी बातों में विश्वास करके अपने मित्र की मदद हेतु 22000 में 10000 का सहयोग किया, 12000 मेरा मित्र राजेश डोंगरे लगाया और सामान लेने का प्रयास किए। पर बालोद में नहीं मिला। जिसके बाद वसीम खान ने इलाहाबाद में रहने वाले अपने एक चेले से सामान मंगवाया और कुछ दिनों बाद दोनों जगन्नाथपुर आए। जहां उसे राजेश डोंगरे के खाली मकान में रात करीब 12 बजे मेरी और मेरे मित्र की मौजूदगी में वसीम खान ने पूजा पाठ किया। हम दोनों ने मिलकर लगभग 3 फीट एक कमरा में गड्ढा खोदा। फिर हमे उसने थोड़ी देर के लिए बाहर रुकने और ओम नमः शिवाय का मंत्र जाप करते रहने के लिए कहा। हम दोनों बाहर आ गए। वसीम खान अपने चेले के साथ पूजा पाठ करता रहा। फिर हमे अंदर बुलाया तो देखा कि मटका में सोने के सिक्के भरे हुए थे। पास में एक सर्प भी बैठा हुआ था फिर हमें वसीम सान द्वारा कहा गया कि इस मटके के नीचे में और दो मटका यानी कुल तीन मटके यहां पर दबे हुए है। करोड़ों की संपत्ति है। लेकिन इसमें अभी सर्प रक्षा कर रहा है। यह खजाना अशुद्ध है। इसका शुद्धिकरण करने के लिए शक्तिपुज फाइल की जरूरत पड़ेगी। तब जाकर इस खजाने को हासिल कर सकते हैं और फिर उस मटके को स्टील के एक पात्र से ढक कर वापस गड्ढे को भर दिया गया और कहा गया कि शक्तिपुंज खरीदना पड़ेगा।

### 12 लाख खर्च...

गया था। इस दौरान जेब में रखते समय वह लीकेज हो गया। बाद में देखने पर बताया गया कि एक तिहाई हिस्सा बह गया है. इसमें पूरी मात्र रखने के लिए 3 लाख की और जरूरत पड़ेगी। शक्तिपुंज लेकर फिर हम वसीम खान के साथ दोबारा जगन्नाथपुर के उक्त मकान में आए और दोबारा गड्ढे को खोलकर पूजा पाठ किया गया। इस दौरान हमे सोने के सिक्के से भरा मटका तो नहीं दिखा लेकिन एक सर्प निकला। वसीम अकेला पूजा कर रहा था और अचानक वह जोर से सीने में झटका देते हुए हजरत हजरत बोलते हुए चिल्लाया और खून की उल्टी करने लगा। कहा कि यहा गड़बड़ हो गया है. अशुद्ध हो गया है खजाना हासिल नहीं कर सकते। हम सब यह देखकर घबरा गए और अनहोनी के डर से वहां सब सामान समेटकर भाग गए। यह सब तंत्र–मंत्र विद्या देखकर हमें यह डर बना रहा कि किसी को कुछ कहेंगे या कई कुछ बताएंगे तो हमारी जान को कही कुछ खतरा न हो जाए। इसलिए हमने वसीम खान से दोबारा पैसा वापस मांगने की कोशिश भी नहीं की। वसीम खान द्वारा शक्तिपुज के बदले 12 लाख खर्च की बात कही गई थी। जिस पर मैंने अपने बालोद के एक जमीन को जो की बुढ़ापारा में 3–50 डिसमिल है जो मेरे व टोमन राम साहू दोनो के नाम पर था। को रजिस्ट्री कराकर लगभग पांच लाख में वसीम खान की पत्नी अकबरी खान (जगन्नाथपुर के अकबर खान की सगी बहन) के नाम करवाया और बाकी पैसा अलग–अलग किस्तों में फोन पे के माध्यम से 1,77,000 रूपये दिया हूं जिसके प्रमाण मेरे फोन पे के हिस्ट्री में मौजूद है। इस तरह जमीन कीमती लगभग 5 लाख रूपये और नगदी 22,000 और डिजिटल ट्राजेक्शन कुल 1,77,000 रूपये मिलाकर करीब 6,99,000 रूपये की ठगी मुझसे और मेरे मित्र राजेश डोंगरे से वसीम खान के द्वारा की गई है तथा नामदेव साहू निवासी जगन्नाथपुर के साथ 8000 रूपये का भी ठगी किया गया है तथा मेरे एवं मेरे दोस्त राजेश एवं नामदेव के साथ कुल 7,07,000 रूपये का धोखाधडी किये है।

### मोखा बस स्टैंड में दो भारी वाहनों ...

बोर्ड नही लगाया गया। जिसके वजह से जब चारों मार्ग से एक साथ वाहनें यहां गुजरता है तो उस वक्त राहगीर एवं स्कूली बच्चे भी परेशान हो जाते हैं। इधर चक्काजाम के बीच पहुंचे तहसीलदार कोमल सिंह ध्रुव ने ग्रामीणों की मांग को देखते हुए तत्काल ब्रेकर बनवाया गया। वही चौक में फिलहाल व्यवस्था के लिए प्लास्टिक का स्टापर व रेडियम लगाने का आश्वासन दिया। साथ ही चौक में चबुतरा निर्माण के लिए पंचायत से प्रस्ताव मांगाया गया है।

### ट्रैक्टर से उछलकर गिरे व्यक्ति ...

पीछ–पीछे जा रहा था, रमेश ठाकुर के खेत मेड में ट्रेक्टर चालक डोमन लाल रावटे द्वारा मेड़ को पार करते समय ट्रेक्टर में सवार झम्मन लाल साहू ट्रेक्टर से उछलकर नीचे जमीन में गिरकर ट्रेक्टर का पिछला चक्का में दब गया, जिससे झम्मन लाल साहू के सिर, हांथ व सीना में चोंटे आने से झम्मन लाल को ट्रेक्टर से निकालकर उपचार हेतु साधन उपलब्ध कराकर राजनांदगांव ले गये थे जहां डाक्टर द्वारा करीबन 1 बजे चेक कर झम्मन लाल साहू को मृत घोषित करने पर झम्मन लाल साहू को लेकर वापस उसके घर ग्राम जेवरतला ले आये हैं।

### बंशीलाल गौरव तिहार ...

भारद्वाज, धर्मेन्द्र रामटेके सरपंच ग्राम पंचायत तरौद, विनोद कुमार कोसमा सरपंच ग्राम पंचायत खेरथाडीह, हीरालाल कुरैटी, मंसाराम कोगरे, रोहित कुमार भारद्वाज शामिल थे। बंशीलाल भारद्वाज गौरव तिहार व विद्यालय का वार्षिकोत्सव 29 नवंबर 2025 की ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने के लिए बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य राजेश कुमार पिसदा व प्रधान पाठक आरआर ठाकुर एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छगन बुन्देले, विधायक प्रतिनिधि रोगलाल यादव के नेतृत्व में विद्यालय में आवश्यक मिटिंग रखी गई थी। जिसमें विशेष रूप से डॉ. साधुराम भारद्वाज, ईश्वरलाल साहू, चिमनलाल पटेल, सरपंच विनोद कुमार कोसमा, हीरालाल कुरैटी, घेवर यादव, यादवराम साहू मस्तराम कुरैटी, शंभूराम साहू, रोहित कुमार भारद्वाज, के. ठाकुर, मीना डोंगरे, जीवनलाल कोटेन्द्र, स्वेता मिश्रा, स्मृति अग्रवाल, रूतन ठाकुर, पूजा गंधर्व, निर्मलकर, साहू, साठिया, दुलेश्वर साहू, छात्रवास अधीक्षक सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। सम्मान समारोह व नागरिक अभिनंदन फाउंडेशन द्वारा प्रतिवर्ष वर्ष दिये जाने वाले बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलंकरण इस वर्ष गरिमा दिवाकर व स्वर्णा दिवाकर को छ.ग. की कला संस्कृति के क्षेत्र मेंयोगदान के लिए बंशीलाल भारद्वाज गौरव अलकरण 2025 प्रदान किया जाएगा। बंशीलाल भारद्वाज ने शासकीय शिक्षक के रूप में प्रथम सेवा शासकीय प्राथमिक शाला देहान में प्रदान की थी इसीलिए शासकीय प्राथमिक शाला देहान के लिए फाउंडेशन द्वारा एक स्मार्ट टी.वी. (32 इंच) व बंशीलाल भारद्वाज का एक फोटो प्रदान किया जाएगा। बंशीलाल भारद्वाज शासकीय हाईस्कूल के 10 होनहार छात्र–छात्रओं को फाउंडेशन द्वारा मैडल व प्रशिस्त पत्र प्रदान किया जाएगा।

### प्रशासनिक सख्ती पर फुटकर ...

महीने काम मत करो जैसे बयान देकर प्रशासन बेरोजगारी की स्थिति पैदा कर रहा है। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि एयर-कंडीशनर कमरों में बैठकर आदेश देने वाले अधिकारी जमीनी हकीकत नहीं समझते, जबकि किसान और फुटकर व्यापारियों की रोजमर्रा की अर्थव्यवस्था छोटी दैनिक धान खरीदी पर टिकी होती है, जिससे किसान अपना घर–खर्च, सब्ज़ी–किराना खरीद पाते हैं। व्यापारियों ने कहा कि प्रशासन के कुछ अधिकारी अपमानजनक भाषा का उपयोग कर क्षेत्रीय व्यापार को अपराध की तरह प्रस्तुत कर रहे हैं। इससे व्यापारिक समुदाय में गहरा रोष है। **01 दिसंबर सोमवार – बालोद चलोः** गांग माता प्रांगण में जिलेभर के व्यापारी जुटेंगे व्यापारी संगठनों ने अगली बड़ी रणनीति घोषित कर दी है। सोमवार, 1 दिसंबर, सुबह 10 बजे, सभी फुटकर एवं थोक व्यापारी बालोद जिला मुख्यालय, गंगा मैया मंदिर मां प्रांगण में एक बड़ी बैठक करेंगे। यहां आगे की कार्ययोजना और आंदोलन की दिशा तय होगी। व्यापारियों ने कहा कि अब "चुप्पी नहीं, जवाब देंगे" और जिले भर के व्यापारी एक साथ खड़े रहेंगे। **धान खरीदी केंद्रों में तनावपूर्ण माहौलः** जिले में धान खरीदी जारी है, लेकिन व्यापारियों के अनुसार प्रशासन द्वारा लगातार टारगेट करना,तीखी भाषा,अनावश्यक दबाव, और व्यापार को संदिग्ध बताने वाला रवैया पूरी व्यवस्था को बिगाड़ रहा है। **व्यापारियों का साफ संदेश** : "सम्मान दो, तभी व्यवस्था चलेगी, व्यापारी संगठनों का कहना है कि यदि प्रशासन ने संवाद और सम्मानजनक व्यवहार नहीं अपनाया, तो जिले में व्यापारिक गतिविधियां और अधिक प्रभावित हो सकती हैं। **क्या कहते हैं खाद्य अधिकारीः** इस संबंध में खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर कहते हैं कि शासन के नियमों के अनुरूप ही कार्रवाई की जा रही है किसी को ठेस नहीं पहुंचा जा रहा है सभी आरोप निराधार है।

## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

डौडीलोहारा। समीप के ग्राम भालूकोन्हा निवासी खम्मन सिंह कुमेटी उम्र 60 वर्ष ने गुरुवार को सुबह 8 बजे अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि मृतक कुछ दिनों से लकवा से पीड़ित था। संभवतः उसी शारीरिक परेशानी के चलते उसने ऐसा कदम उठाया होगा। टी आई मुकेश सिंह ने बताया कि मृतक के पुत्र प्रार्थी बालकिशन की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया है।

### जिले में अग्निवीर वायुसेना भर्ती मार्गदर्शन शिविर में 1715 युवा शामिल

बालोद। जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय बालोद के संयुक्त तत्वावधान में जिले के विभिन्न संस्थानों में अग्निवीर वायुसेना भर्ती हेतु मागदर्शन शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के जिले के कुल 1715 आवेदकों को अग्निवीर वायुसेना भतएँ के संबंध में मागदर्शन एवं विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद ने बताया कि जिला प्रशासन एवं रोजगार कार्यालय बालोद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मार्गदर्शन शिविर में जिले के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सुरेगांव में 138 आवेदकों, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरेगांव में 198, शासकीय महाविद्यालय खेरथा में 663, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खेरथाबाजार में 95, शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में 200, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैंसबोड़ में 100, शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय गुण्डरदेही में 210 एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गुण्डरदेही में 111 आवेदकों सहित कुल 1715 आवेदक शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस शिविर में अग्निवीर वायुसेना के अधिकारी सार्जेंट ऑफिसर टीएम रॉव एवं यु. संतोष के द्वारा आवेदकों को अग्निवीर वायुसेना भर्ती के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित संस्था के अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आवेदकगण उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का आयोजन 30 को

बालोद। संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा राज्य के बालिका एवं महिला खिलाड़ियो को खेलो के प्रति उत्साहित एवं बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखण्ड एव जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने जिले के इच्छुक व निर्धारित पात्रता रखने वाले प्रतिभागी, दल खिलाड़ी 30 नवंबर को शाम 05 बजे तक कार्यालय खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण जिला–बालोद, सरदार वल्लभ भाई पटेल मैदान बुनियादी शाला मैदान परिसर में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि उपरांत प्राप्त आवेदनो पर विचार नहीं किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि महिला खेलकूद प्रतियोगिता वर्ष 2025–26 के एथलेटिक्स (100 मी 400 मी दौड़ एवं तवा फेक), खो–खो, हॉकी, बैडमिटन, वॉलीबाल, कुश्ती, बास्केटबाल, फुटबाल, वेटलिफ्टिग, रस्साकसी खेल को सम्मिलित किया गया है। प्रतियोगिता में 09 से 18 वर्ष एवं 18 से 35 वर्ष तक दो आयुवर्ग में महिला खिलाडियो को भाग लेने की पात्रता होगी। विकासखण्ड स्तर से दोनो आयुवर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी दल, जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

आयोजन : नशा मुक्त समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए जागरूकता अभियान हुआ

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक और व्याख्यान से दिया नशा नहीं करने का संदेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के एनएसएस इकाई का 7 दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पंचायत खुरसुनी में आयोजित है। शिविर के तृतीय दिवस गांव के युवाओं को नशा नहीं करने और राष्ट्र के विकास में सहभागी बनने का संदेश दिया। नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम पर बौद्धिक परिचर्चा में दिनेश टाक ने कहा कि सामुदायिक सेवा की भावना जगाना, समाज में जागरूकता लाना और उनके व्यक्तित्व विकास में योगदान देना एनएसएस का ध्येय है। इसमें स्वयं सेवक को नेतृत्व कौशल, टीम वर्क और सामाजिक जिम्मेदारी सिखाने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती है। इनमें स्वच्छता अभियान, पौधारोपण व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। व्यक्तित्व विकास व्याख्यान कार्यशाला में यातायात जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा पर जागरूक और प्रेरित किया।

एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी किशोर कुमार टंडन, हूबलाल बोरकर प्रधान पाठक, क्रीड़ा अधिकारी केशव पटेल, शिक्षिका गणित विभाग अम्बालिका चौहान उपस्थित थे। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक कार्यक्रम से नशा मुक्त समाज का निर्माण, टीबी मुक्त भारत का संदेश दिया।

## एनएसएस शिविर का समापन, स्वयंसेवकों के स्वच्छता और जागरूकता प्रयासों की सराहना



गुरूर। ज्ञान ज्योति विद्यालय गुरुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम कपरमेटा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद चंद्रिका गंजीर ने स्वयंसेवकों द्वारा गांव और समाज के प्रति किए गए स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहे जनपद सदस्य तान सिंह देहारी ने स्वयंसेवकों के कठिन परिश्रम एवं सीखने तथा सिखाने की जज्बे की सराहना करते हुए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रबन्धक पुरन लाल साहू ने ग्राम वासियों द्वारा विद्यालय को मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्यारे लाल साहू ने बताया कि पिछले 7 दिवस में शिविरार्थियों ने पूरे ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से नशा मुक्ति स्वच्छता वोटर जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही बौद्धिक कार्यक्रमों में कैरियर के रूप में पशुपालन, नशामुक्ति के लिए युवा, सीजीपीसी की तैयारी, व्यक्तित्व विकास, योग और छत्तीसगढ़ी संस्कृति का महत्व जैसे विषयों के लिए वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता तथा बाल कल्याण समिति बालोद के सदस्य चंद्रहास साहू का आगमन हुआ। बौद्धिक व्याख्यानों से छात्र–छात्रओं के व्यक्तित्व विकास एवं अनुभव का विस्तार हुआ। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए ने स्वयंसेवकों की टीम भावना एवं अनुशासन की सराहना की। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षक गायत्री साहू ने किया।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक ओमेंद्र यादव, तृप्ति साहू, वर्षा साहू, पूजा साहू, मोनिका सार्वा, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक नरेंद्र साहू एवं ग्राम पंचायत की पंच बहने तथा बड़ी संख्या में गांव के वरिष्ठ जन, युवा तथा बच्चे सम्मिलित हुए।



## महिला शक्ति ने संविधान दिवस मनाया व ली शपथ

दल्ली राजहरा। संविधान दिवस के अवसर पर नगर में महिला शक्ति की अद्भुत एकजुटता देखने को मिली। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर के निर्देश तथा राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के सिटी मिशन मैनेजर केतन नायक के मार्गदर्शन में वार्ड क्रमांक 20 स्थित दुर्गा मंच में महिला समूहों ने बड़े उत्साह और एकता के साथ संविधान दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी महिला सदस्यों द्वारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर हुई, जिसने पूरे परिसर को एकता, समानता और सम्मान का संदेश दिया।

### महिलाओं ने दोहराई संवैधानिक प्रतिबद्धता

कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भारत के संविधान में निहित मूल सिद्धांत न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। महिला समूहों ने अपने समुदाय के विकास, सामाजिक सशक्तिकरण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में निरंतर काम करने का संकल्प भी लिया।

**समानता के अधिकार पर विशेष चर्चाः** राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन की सामुदायिक संगठन प्रतिनिधि उमेश्वरी नेताम एवं सहायिका लक्ष्मी सिंह ने महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों, विशेषकर समानता के अधिकार पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि समानता का अधिकार ही महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्वतंत्रता की नींव है।इसके साथ ही महिलाओं को उनके मौलिक कर्तव्यों, नागरिक जिम्मेदारियों और समाज में सम्मान एवं अवसर प्रदान करने की भावना पर भी प्रेरक चर्चा हुई।

**महिला समूहों के नियमों और आर्थिक सशक्तिकरण पर समीक्षाः** कार्यक्रम के दौरान महिला समूहों के आंतरिक नियमों बैठकों की प्रक्रिया,ऋण वितरण नीति,ब्याज दर,बैठक पंजी की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही महिलाओं को बताया गया कि स्वयं सहायता समूह कैसे बनते हैं, उन्हें संगठित होकर आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने के अवसर कैसे विकसित करने चाहिए। यह पहल सामाजिक न्याय और समुदाय में आर्थिक समानता की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

### संविधान को जीवन में उतारने का संदेश

इस अवसर पर महिलाओं को संविधान की महत्ता, मूल अधिकारों, मूल कर्तव्यों और नागरिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित महिलाओं ने संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, समुदाय और शहर में संविधान के आदर्शों को आगे बढ़ाएगी, महिलाओं की आवाज मजबूत करेंगी और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देंगी। इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि यदि महिला समूह जागरूक और संगठित हों, तो वे न सिर्फ अपने परिवारों बल्कि पूरे समाज को संवैधानिक मूल्यों पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## अपर कलेक्टर चंद्रकांत ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर बच्चों को कराया न्योता भोज, कलेक्टर भी हुईं शामिल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने अपने पिता जीवनलाल कौशिक की पुण्य तिथि के अवसर पर आज जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम कांदुल के स्कूली बच्चों को न्योता भोज दिया।

इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने भी जिले के आला अधिकारियों सहित स्कूली बच्चों और ग्रामीणों के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांदुल में जमीन में बैठकर न्योता भोज ग्रहण किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र–छात्रओं, उत्कृष्ट खिलाड़ियों आदि का फूलमाला एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को स्कूल बैग तथा खिलाड़ियों को स्पोर्टस शूज प्रदान किया गया।

इस अवसर पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृ तिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर मिश्रा ने स्कूली विद्यार्थियों को पढ़ाई–लिखाई के संबंध में समझाईश भी दी। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। कलेक्टर ने बच्चों को पूरे



मनोयोग तथा निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ पढ़ाई–लिखाई कर जीवन में उपलब्धि हासिल कर अपने संस्थान, माता–पिता एवं परिवार का नाम रोशन करने को कहा। वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख और अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्योता भोज के आयोजन के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए ऐसे आयोजनों की सराहना की। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा के अलावा जिला स्तरीय अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, शिक्षक–शिक्षिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### स्कूल में न्योता भोज कराया गया



गुरूर। गणेश्वर प्रसाद साहू ने अपने बेटे करण साहू कक्षा पांचवी एवं दुष्यंत कुमार साहू कक्षा छठवीं के छात्र के जन्मदिन पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी के छात्र–छात्रओं को सामूहिक न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उपस्थित मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक सारिका चौधरी, शिक्षक नारद राम साहू, शिक्षिका प्रीतिमाला नेताम, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक भीम सिंह साहू, शिक्षक लोकेश कुमार ध्रुवे एवं रसोईया तामेश्वर साहू, फलिता साहू, महेश्वरी साहू, चित्ररेखा गजमल्ला ने दोनों बच्चों को आर्शीवाद दिए। उक्त दोनों छात्रें के पालक गणेश्वर प्रसाद साहू को न्योता भोज कराए जाने पर शाला परिवार की ओर से हर्श व्यक्त किया।

राजाराव पठार में विधायक, सांसद और समाजसेवी रहेंगे उपस्थित

## शहादत दिवस पर करेंझर में तीन दिवसीय वीर मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, धमतरी, एवं कांकेर के संयुक्त तत्वाधान में 8, 9, एवं 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर राजाराव पठार करेंझर में तीन दिवसीय वीर मेला का आयोजन किया गया है।

प्रातः 8 बजे से राजाराव बाबा, मां कंकालिन, बड़ादेव सहित आदिवासी समाज के देवी देवताओं की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होगी। एवं आदवासी समाज का ध्वजारोहन एवं आदिवासी हाट बाजार का शुभारंभ होगा। अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज अरविन्द नेताम, पूर्व अध्यक्ष छग राज्य अनु.ज.जा. आयोग जी.आर. राणा, अध्यक्ष छग गोंड़वाना गोंड़ महासभा अकबर राम कोर्राम, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोंड़वाना गोंड़ महासभा आर.सी. नेताम, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनु. जन. जाति आयोग नंदकुमार साय, अध्यक्ष केन्द्रीय गोंड़ महासभा कमलेश धुरव, प्रदेश महासचिव अनु. ज. जा. शास. सेवक संघ नकुल राम चन्द्रवंशी, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला धमतरी जीवराखन मरई, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बालोद तुकाराम कोर्राम, अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कांकेर कन्हैया उसेन्डी, संभागीय अध्यक्ष गोंड़वाना समन्वय समिति बस्तर सुमेर सिंह नाग, प्रदेश अध्यक्ष नगारची समाज देवनाथ नेताम, अध्यक्ष छग गोंड़वाना गोंड़ महासभा बालोद पेरमलाल कुंजाम, अध्यक्ष गोंड़ समाज धमतरी माधव सिंह ठाकुर, अध्यक्ष धुरव गोंड़ समाज कांकेर राजेन्द्र धुरव, जिलाध्यक्ष हल्बा समाज कांकेर प्रकाश दिवान, अध्यक्ष हल्बा समाज धमतरी रैन लाल देव, अध्यक्ष कंवर समाज धमतरी विश्राम सिंह दाऊ, अध्यक्ष कंवर समाज बालोद केश कुमार कंवर, जिलाध्यक्ष अनु. ज. जा. शास. सेवक विकास संघ बालोद एच. एल. मानकर, जिला उपाध्यक्ष अनु. ज. जा. शास. सेवक विकास संघ धमतरी गेवाराम नेताम, जिलाध्यक्ष अनु. ज. जा. शास. सेवक विकास संघ कांकेर रामप्रसाद नेताम होंगे। युवा सम्मेलन की अध्यक्षता प्रदेश सचिव छग सर्व आदिवासी समाज विनोद नागवंशी एवं प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रभाग छग सर्व आदिवासी समाज सुभाश परते करेंगे। 9 दिसंबर को मातृ शक्ति एवं आदिवासी प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा। मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष महिला प्रभाग वीर मेला आयोजन समिति राजाराव पठार करेंझर मंजू प्रभाकर करेंगे। अतिथि राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष गोंड़वाना गोंड़ महासभा सुशीला नेताम, सदस्य जिला पंचायत बालोद नीलिमा याम, अध्यक्ष आदिवासी गोंड़वाना सेवा समिति गुरूर उत्तरा मरकाम, अध्यक्ष महिला प्रभाग गोंड़वाना समाज धमतरी नेताम, गोंड़वाना समाज कांकेर राखी गोटा होंगे। आदिवासी प्रतिभा सम्मान दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगी। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य मंत्री छग शासन भूपेश बघेल होंगे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छग गोंड़वाना गोंड़ महासभा अकबर राम कोर्राम करेंगे।

अतिथि विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा, विधायक गुण्डरदेही कुवर सिंह निशाद, विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेड़िया, विधायक भानुप्रतापुर सावित्री मंडावी, विधायक नगरी सिहावा अंबिका मरकाम, विधायक धमतरी ओंकार साहू होंगे। दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह का श्रद्धांजली कार्यक्रम होंगे। जिसमें मुख्य अतिथि मुख्य मंत्री छग शासन विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता पूर्व केन्दीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज अरविन्द नेताम करेंगे। अतिथि आ. जा. अनु. ज. जा. अन्य पिछड़ा वर्ग एवं कृशि विकास मंत्री राम विचार नेताम, वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन एवं सहकारिता विभाग मंत्री केदार कश्यप, विधायक कोण्डागांव एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण लता उसेण्डी, सांसद भोजराज नाग, विधायक अंतागढ़ विक्रम उसेण्डी, विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम, अध्यक्ष छग राज्य अनु. जन. जाति आयोग रूपसिंह मंडावी, अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, सदस्य जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर, सुनिता संजय साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर कौशिल्य भोजराम चन्द्रवंशी, सरपंच ग्राम पंचायत करेंझर कन्हैया लाल साहू होंगे।

गायत्री परिवार के प्रयासों से यज्ञ सफल होगा

## 108 कुंडी यज्ञ की तैयारी तेज, शान्ति कुंज के प्रतिनिधि ने किया यज्ञ स्थल का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



शान्ति कुंज हरिद्वार के विशेष प्रतिनिधि जय राम मोटवानी ने बालोद नगर में होने वाले 108 कुंडी यज्ञ स्थान गजानंद पोहा मिल मैदान की तैयारी का आकस्मिक निरीक्षण अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि बालोद शक्तिपीठ की स्थापना उनके द्वारा हुई है यदि गायत्री परिवार लगन निष्ठा से कार्य करेंगे और अहंकार को त्याग कर सामंजस्य बना कर चले तो 100 यज्ञ की सफलता निश्चित है।

इसके बाद गायत्री शक्तिपीठ में पुनः गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुदेव कम उम्र में ही वे सिद्ध पुरुष थे जो विश्व में अनेक स्थान पर शक्तिपीठ बनाया गुरुदेव द्वारा लिखे गए अनमोल लेख का विस्तार से चर्चा करते हुए कहा यह समय उथल पुथल का जरूर है लेकिन किसी दिन अच्छे परिवार, अच्छे समाज और स्वस्थ भारत का निर्माण होकर रहेगा नए युग का आगमन निश्चित है, उनके द्वारा किए गए अश्वमेघ यज्ञ के कारण अब विशाल गायत्री परिवार बन गया है और जगह जगह ऋषि परम्परा के अनुसार यज्ञ होने लगा हैं। उन्होंने गुरुमाता द्वारा किए गए अश्वमेघ यज्ञ की भी जानकारी दिया, जिला उपसमंवयक दशरथ कलिहारी ने 108 कुंडी यज्ञ की प्रारंभिक तैयारी और 1000 पुंसवन संस्कार 100 आदर्श विवाह 2500 कलश यात्र और विशाल दीप यज्ञ करने की जानकारी दिया। सभी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि समय कम है कार्य अधिक है अतः गुरु के कार्य समझ कर ज्यादा से ज्यादा समय दान करने की बात कही, गोष्ठी का प्रारंभ राजनांदगांव के ट्रस्टी और वरिष्ठ कार्यकर्ता हरीश गांधी ने मोटवानी की जीवनी और उनके कार्य शैली की प्रशंसा करते हुए कहा कि गुरुदेव की विशेष कृपा पात्र है। गुरुदेव के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही आगे हीरेन ठक्कर ने बनाए जाने वाले मंच की आवश्यक जानकारी दंतेवाड़ा से आए विशेष कार्यकर्ता को निर्देशित किया रोज की तरह भोलेश्वर सिन्हा द्वारा विभाग वार कार्यों की समीक्षा और आगामी कार्यों की जानकारी दिया।

इस गोष्ठी में विशेष रूप से मिलन सिन्हा ने कार्यक्रम को चैनल और चौराहों पर स्किन के माध्यम से दिखाने सुझाव रखे, बालोद शक्तिपीठ के सभी कार्यकर्ता तथा ब्लाक के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे, डॉ गोपाल साहू कुंड निर्माण में आवश्यक निर्देश और सहयोग भी कर रहे है। अंत में शांतिपाठ के साथ गोष्ठी समाप्त हुई।

## 20 लाख की लागत से बनने वाले नाई सेन समाज भवन का भूमि पूजन संपन्न




**बालोद।** 20 लाख की लागत से बनने वाले नाई सेन समाज भवन के भूमि पूजन एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ।

बालोद जिला सेन समाज के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा घोषित 20 लाख की राशि से बनने वाले सामाजिक भवन के भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पाटएँ के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष चमन देशमुख ने किया।

इस अवसर पर यशवंत जैन ने समाज को संबोधित करते हुए भवन के राशि स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया एवं समाज को शिक्षा एवं संगठित होकर आपसी सौहार्द के साथ काम करने का आह्वान किया। इस अवसर पर यशवंत जैन ने समाज को धर्मांतरण की गतिविधियों से सचेत रहने आह्वान किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष मोना सेन, समाज के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत सेन, जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका की उपाध्यक्ष कमलेश सोनी सहित, सेन नाई समाज के प्रदेश एवं पूरे बालोद जिले से आए सामाजिक लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### ग्राम पाऊवारा में 3 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होगा

**अंडा।** नव दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व. कमला देवी साहू व सहित परिवार के पूर्वजों के स्मृति में 3 दिसम्बर से ग्राम पाऊवारा (उतई ) में रखा गया है। इसमें कथावाचक लिमतरा आश्रम के संत निरंजन महाराज जी होंगे में भागवत कथा का विशाल आयोजन साहू परिवार की ओर से किया जा रहा है। जिसकी तैयारी चल रही है। कथा, 3 दिसंबर से 11 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। 3 दिसंबर की सुबह 10 बजे से कलश यात्रा शाम 4 बजे से वेदी पूजन, गोकर्ण कथा की कथा सुनाई जायेगी। आयोजक साहू परिवार ने बताया कि दिनांक 4 दिसंबर को पांडव कुल वर्णन, परिक्षित जन्म श्राप सुखदेव आगमन, 5 दिसंबर को सती, पार्वती, ध्रुव चरित्र, 6 दिसम्बर को भरत चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, 7 दिसंबर को रामवतार, कृष्णवतार,8 दिसंबर को बाल लीला, माखन लूट, गोवर्धन पुजा, 56 भोग, 9 दिसंबर को मथुरा लीला,रुक्मिणी विवाह, 10 दिसंबर को द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, चढ़ोतरी, तुलसी वर्षा एवं शोभा यात्रा और 11 दिसंबर को गीता पाठ, हवन, सहस्त्रधारा, पूर्ण आहुती, कपिला तर्पण एवं देव विदाई कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतू साहू परिवार द्वारा अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा श्रवन करने अपील की है।

### विनायकपुर स्कूल में न्योता भोज कराया गया



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक,हायर सेकेंडरी शाला विनायकपुर में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया।यह न्योता भोजन मोतीलाल मार्कण्डेय ने अपने धर्म पत्नी पम्पेश्वरी मार्कण्डेय के जन्मदिन के उपलक्ष्य में किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के सभी बच्चों एवं शिक्षकों को खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला में बच्चों के बीच केक काटकर नई परंपरा की शुरुआत किया गया। शाला परिवार से आभार व्यक्त किया गया।इस मौके पर गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार,हायर सेकंडरी के प्राचार्य भारतेन्द्र गंगराले,पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर ,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, ललित बाई साहू, स्मृति सोनी, बीना देवांगन, ज्योति गजपाल, भूषण दिल्लीवार, सीडी देवांगन,यशवंत साहू एवं शाला परिवार से सरस्वती उमरे, भावना तिवारी, नरेश गायकवाड़,ऊषा सिन्हा, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, मनोरमा हालदार, अंजू साहू,खिलेन्द्र यादव सभी ने जन्म दिवस की बधाई दिया। शाला द्वारा पालकों एवं गणमान्य नागरिक से अपील किये है कि सुख हो या दुख कोई भी मौके पर आप बच्चों को न्योता भोजन कराकर पुण्य कमाने का सहभागी बनें।

**दिवस :** संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखकर कार्य करना ही सच्ची देशभक्ति

# रानीतराई स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया व बच्चों को एआई व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखकर कार्य करना सच्ची देशभक्ति है। विश्व के सर्वश्रेष्ठ भारतीय संविधान से भारतीयों में एकता और अखंडता सुनिश्चित हुआ। सतनामी आसरा व शाला परिवार ने कन्या शाला रानीतराई में संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस में बच्चों को संविधान से कैरियर गाइडेंस, एआई, योग एवं आयुर्वेद व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी।



भारत के भावी पीढ़ी को हमारे गौरवशाली संविधान से अवगत कराकर उनके भविष्य गढ़ने के उद्देश्य से बुधवार 26 नवंबर को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीतराई में सतनामी आसरा पाटन एवं शाला परिवार के संयुक्त तत्वावधान में संविधान दिवस का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि वक्ताओं ने कहा कि विश्व के सर्वश्रेष्ठ भारतीय संविधान के महान योगदान से ही भारतीयों में एकता और अखंडता सुनिश्चित हुआ है तथा विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखकर कार्य करना ही सच्ची देशभक्ति हैं। इसके साथ ही बच्चों को संविधान से कैरियर गाइडेंस, एआई, योग एवं आयुर्वेद व साइबर सुरक्षा की जानकारी भी दी गई।

संविधान दिवस का शुभारंभ शासकीय प्राथमिक शाला कोही के बच्चों द्वारा संविधान प्रस्तावना वाचन पश्चात संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर विद्यालयीन बच्चियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। सतनामी आसरा पाटन द्वारा विद्यालय के बच्चों की तैयारी के लिए संविधान पुस्तिका की पांच प्रति शाला परिवार को भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र मारकण्डे प्रधानपाठक प्राथमिक शाला कोही ने किया।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति कल्पना साहू थे। अध्यक्षता जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने किया। विशेष अतिथि रानीतराई थाना प्रभारी पुरूषोत्तम कुर्रे, लीना साहू सरपंच कोही, प्रियलता महिपाल सरपंच औसर, भाजपा मंडल महासचिव निर्मल जैन, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गुमान साहू, तहसील साहू समाज कोषाध्यक्ष नारद साहू, शाला प्रबंधन समिति संरक्षक अशोक शर्मा, पंच अजय टिकरिहा, प्रभारी प्राचार्य कल्याणी देवांगन, बूथ अध्यक्ष अभिषेक सेन, पत्रकार संतोष देवांगन, योग एवं आयुर्वेदाचार्य आदित्य टंडन, शिक्षादूत अंकेश महिपाल, सतनामी आसरा सदस्य स्वाति मारकण्डे, मूशन धृतलहरे, टुम्मन जोशी, कुणाल मारकण्डे, पुष्पांजली गायकवाड, शिक्षक ललित ठाकुर, लीना बंछोर, वीन्वा साहू, संगीता चन्द्राकर, शिक्षा स्वयं सेवी लेखा ठाकुर,टेमन निषाद सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, बच्चे व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## तिरगा में उत्साहपूर्वक मनाया गया संविधान दिवस

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तिरगा के गांधी चौक में संविधान दिवस का आयोजन किया किया गया इस अवसर पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व महात्मा गांधीजी के तैल चित्र पर पुष्पमाला से श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया व कैंडल प्रज्वलित कर

- बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व महात्मा गांधीजी के चित्र पर
- पुष्पमाला से श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया व कैंडल प्रज्वलित किया गया

उत्साह पूर्वक संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच घसिया राम देशमुख, सेवा सह.स. तिरगा अध्यक्ष देवसिंह ठाकुर, सेवानिवृत्त शिक्षक हीरालाल दिल्लीवार, पंचगण कुलेश्वरी देशमुख, जमुना निषाद, कविता ऋषि, शिक्षक रघुनाथ देशमुख, चंद्रहास देशमुख, रेखलाल देशमुख, सर्जना युस अध्यक्ष हेमंत ऋषि,



घनश्याम देशमुख, मेहत्तर लाल, युवा संगठन अध्यक्ष शत्रुहन लाल, ब्लॉक युकां सचिव सोहन लाल, तुलसीराम, अजय कुमार, युगल किशोर, घनाराम, आजीविका मिशन बिहान कार्यकर्ता ललिता, उर्मिला, जागृति व समूह के दीदी लता बाई, अंजनी, गोमती बाई, डागेशवरी, भुनेश्वरी, कल्याणी देशमुख, सुनेती ठाकुर, समाजसेविका एवंतीन, जया, ज्योति देशमुख, अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

सरपंच ने बताया यह संविधान हर परिस्थिति में हमारा मदत करता है। देश के सभी नागरिक को संविधान का नियम कानूनों को पालन करने की अपील किया। दिल्लीवार ने विस्तृत रूप से संविधान के महत्व बताते हुए ग्रामीणों को प्रेरित किया। रघुनाथ ने बताया हमारा संविधान नारी शक्ति को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उनकी सम्मान को बढ़ाया है।

## संविधान दिवस पर अपर कलेक्टर ने प्रस्तावना का वाचन कर दिलाई शपथ





**बालोद।** संविधान दिवस के अवसर पर अपर कलेक्टर नूतन कुमार कंवर ने बालोद के अनुभागीय अधिकारी कार्यालय परिसर में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होने शपथ के दौरान कहा हम, भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ-निरपेक्ष, लोकतंत्रत्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता तथा व्यक्ति की गरिमा एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी संविधान सभा में 26 नवम्बर 1949 को इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

शपथ कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप राष्ट्र की एकता, अखंडता और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर पर अपर कलेक्टर नूतन कुमार कंवर, तहसीलदार आशुतोष शर्मा, अतिरिक्त तहसीलदार सुश्री संध्या नामदेव, नायब तहसीलदार गजेंद्र ठाकुर सहित कर्मचारीगंण मौजूद रहे। भारत का संविधान देश का सर्वोच्च कानून है, जिसे संविधान सभा ने 26 नवम्बर 1949 को पारित किया था तथा 26 जनवरी 1950 से इसे राष्ट्र में लागू किया गया।

## स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय संविधान दिवस कार्यक्रम संपन्न





**बालोद।** शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद के विधि विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय संविधान दिवस कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें दूसरे दिन समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपसंचालक अभियोजन बालोद अनुराधा सिंह थी तथा कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी बालोद राघवेंद्र पांडे उपस्थित थे। विधि विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ राघवेश पांडे तथा अन्य प्राध्यापक गणों में डॉक्टर जैनेंद्र कुमार पटेल, राजेंद्र प्रसाद, डॉक्टर पूनम चंद गुप्ता, सुब्रत मंडल एवं नितिन मिंज तथा महाविद्यालय के अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

- उपसंचालक अभियोजन अनुराधा सिंह और राघवेंद्र पांडे ने संवैधानिक विषयों पर किया मार्गदर्शन

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा विद्यार्थियों हेतु 26 नवंबर को संविधान दिवस पर आयोजित क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता तथा भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि अनूरेखा सिंह ने न्यायालय की आपराधिक कार्यवाही पर बारीकी से प्रकाश डाला तथा विशिष्ट अतिथि ने संविधान दिवस पर संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। स्वागत उद्बोधन डॉ राघवेश पाण्डेय विभागाध्यक्ष विधि के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वाति वैष्णव सहायक प्राध्यापक के द्वारा किया गया। कार्यक्रम से विद्यार्थियों को बहुत ही लाभ हुआ तथा भविष्य के लिए मार्गदर्शन दिया गया।

## गुरेदा में संविधान दिवस मनाया गया



**अंडा।** ग्राम पंचायत गुरेदा (डगनिया) में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया एवं इस अवसर पर मितानीन बहनों एवं गुरेदा के बीएलओ को श्रीफल एवं साल द्वारा सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर गुरेदा के सरपंच महेन्द्र कुमार साहू उपसरपंच रोमन लाल निषाद सचिव अश्वनी साहू एवं कुत्ती देशलहरा, पंच, राजेश्वरी साहू पंच, आकाश साहू पंच, जवाहर कुंभकार पेच, प्रदीप सिन्हा, ललिता देवांगन सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**दल्लीराजहरा।** संविधान दिवस के अवसर पर दल्ली नगर पालिका में मंगलवार को संविधान की महत्ता और उसके मूल्यों को आत्मसात करने का प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने की। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान दुनिया के श्रेष्ठ संविधानों का सम्मिलित स्वरूप है। यह न केवल दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, बल्कि हर नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों को दिशा देने वाला सबसे मजबूत दस्तावेज भी है।

उन्होंने आगे कहा कि संविधान दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है, ताकि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में



योगदान दे सके। कार्यालय में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कार्यक्रम गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। संविधान की शपथ नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू द्वारा दिलाई गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे, पार्षद सुरेश जयसवाल, अरुणा रामटेके, भाजपा जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, इन्द्र यादव, विक्रांत साहू, उमेश्वरी नेताम, लक्ष्मी सिन्हा, संत्री निर्मलकर, नारायण सिंह, परदेसी राम सहित नगर पालिका के अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। संविधान दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम न केवल औपचारिकता तक सीमित रहा, बल्कि उपस्थित सभी लोगों के भीतर देशहित, कर्तव्यनिष्ठा और लोकतंत्र के संरक्षण का नया उत्साह जगाने में सफल रहा।

## बोहारडीह स्कूल में संविधान दिवस मनाया गया



**गुरूर।** ग्राम बोहारडीह में संविधान दिवस के अवसर पर प्राथमिक शाला में बच्चों के बीच मनाया गया। इस दौरान संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया। वहीं इस दौरान सरपंच राजेंद्र कुमार साहू ने देश के संविधान के विषय में अपनी बातों को रखते हुए कहा कि संविधान ने ये अधिकार हमें दिया है कि हम सब आज एक मंच पर एकत्र बैठ पा रहे हैं, खुलकर अपनी बातों को रख पा रहे हैं, अन्य देशों के लोग हमारे संविधान और गणतंत्र का अध्ययन करने पहुंचते हैं, इसी संविधान ने हमें हमारा मौलिक अधिकार दिया है उन्होंने इस दौरान सभी को संविधान दिवस की बधाई दी। इस आयोजन में सरपंच के साथ प्रधान पाठक पवार सर सिन्हा मैडम सहित स्कूली छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## सूने मकान से लाखों के गहने और कैश चोरी

**भिलाई।** कैलाश नगर लोहिया रोड में गुप्ता ब्रदर्स के मकान में लाखों की चोरी का मामला सामने आया। परिवार आरंग में शादी से लौटा तो देखा कि दो मंजिला मकान के सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। आलमारी से सोने-चांदी के जेवर और करीब एक लाख बीस हजार रुपये नकद गायब थे। मामला जामुल थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार राहुल गुप्ता के कमरे से सोने की चैन, दो जोड़ी ईयर टॉप्स, एक जोड़ी झुमका, नौ चांदी के सिक्के, दो चांदी की चैन और 40 हजार रुपये कैश चोरी हुए हैं। वहीं उनके भाई राजकुमार गुप्ता के कमरे से सोने की चैन, ईयर टॉप्स की एक जोड़ी, 4 फुल्ली, पांच जोड़ी चांदी की पायल और 80 हजार रुपये नकद चोर उठा ले गए।गुप्ता ब्रदर्स की परफ्यूम और अगरबत्ती की दुकान सर्कुलर मार्केट पावर हाउस में है, जबकि लोहिया रोड पर उनका दो मंजिला घर है। जामुल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आसपास के इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह, धमतरी
मो.नं. : 8319983810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक




## एसआईआर की प्रगति का जनपद उपाध्यक्ष ने लिया जायजा



**गुरूर।** ग्राम पंचायत बोहारडीह में मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान गांव में एसआईआर के प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान दुर्गानंद साहू ने कहा कि एसआईआर कितना महत्वपूर्ण है हमारे लोकतंत्र के लिए ये अब सब को समझ आ रहा है उन्होंने कहा कि स्वच्छ लोकतंत्र के लिए स्वच्छ मतदान सूची का होना आवश्यक है तभी हम एक बेहतर देश का निर्माण कर पाएंगे। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने सभी नागरिकों से जागरूक मतदाता का परिचय देते हुए गणना पत्रक को तत्काल भरकर बीएलओ को देकर लोकतंत्र मजबूत बनाने में सहभागिता दर्ज करवाने की विनम्र अपील की। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने जोर देकर कहा कि विपक्ष एसआईआर की गलत व्याख्या कर रहा है और अफवाहें फैला रहा है, लेकिन बीजेपी इन विकृतियों का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है उन्होंने कहा कि किसी के अफवाहों में आए बिना लोकतंत्र के इस पर्व का हिस्सा बने और स्वच्छ लोकतंत्र के महाकुंभ में डुबकी लगाएं।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- नॉर्मल डिलीवरी
- सिजेरियन
- हाई रिस्क प्रेग्नेंसी
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- बांझपन का ईलाज
24x7 प्रसव सुविधा..
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

